151. निम्न शहरों को राजस्थान के एकीकरण के समय स्थापित सरकारी कार्यालयों के साथ सुमेलित कीजिए-

(a) भरतपुर (1) हाई कोर्ट
(b) जोधपुर (2) शिक्षा विभाग
(c) बीकानेर (3) खनिज विभाग
(d) उदयपुर (4) कृषि विभाग

(a) (a) (4), (b) (2), (c) (3), (d) (1)
(b) (a) (2), (b) (1), (c) (4), (d) (3)
(c) (a) (1), (b) (4), (c) (3) (d), (2)
(d) (a) (4), (b) (1), (c) (2), (d) (3)

LDC Exam 16.09.2018

Ans. (d) – सही सुमेलित है-

	शहर		स्थापित सरकारी कार्यालय
(i)	भरतपुर	-	कृषि विभाग
(ii)	जोधपुर	-	हाईकोर्ट
(iii)	बीकानेर	-	शिक्षा विभाग
(iv)	उदयपुर	-	खनिज विभाग

152. मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना प्रारंभ हुई-

(a) 27 जनवरी, 2015 से (b) 27 जनवरी, 2016 से
(c) 27 फरवरी, 2016 से (d) 30 मार्च, 2016 से

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (b) – मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा 27 जनवरी 2016 ई. को झालावाड़ जिले के गर्दन खेड़ी गांव से शुरूआत की गयी। तथा वर्ष 2016 को 'जलक्रान्ति वर्ष' घोषित किया गया।

इस योजना के अन्तर्गत 2016 में 3000 प्राथमिकता वाले और अगले 3 वर्ष तक प्रत्येक वर्ष 6000 गाँवों को लाभान्वित करके 2020 तक राज्य के लगभग 21000 गाँवों को जल आत्म निर्भर बनाने का लक्ष्य है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की न्यूनतम आवश्यकता की पूर्ति, जल उपलब्धता एवं अकाल के दौरान पानी के अभाव से उत्पन्न समस्याओं का निराकरण करना है।

153. बाह्य सहायता प्राप्त परियोजना -राजस्थान शहरी क्षेत्र विकास कार्यक्रम को कौन सी संस्था वित्त प्रदान कर रही है?

(a) ए.डी.बी. (b) जे.आई.सी.ए.
(c) डब्ल्यू.बी. (d) आई.एफ.ए.डी

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (a) – 'राजस्थान शहरी क्षेत्र विकास कार्यक्रम' एशियाई विकास बैंक (A.D.B) द्वारा चलाया जा रहा है। राजस्थान शहरी क्षेत्र विकास निवेश कार्यक्रम (RUSDIP) का दृष्टिकोण शहरी राजस्थान में सामाजिक और आर्थिक विकास को अनुकूलित करना है। इसके अन्तर्गत अपशिष्ट जल प्रबन्धन, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, शहरी परिवहन और सड़के, सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि निवेश योजना राजनीति समझौते के तहत क्रियान्वित की जा रही है।

154. भारतीय मौसम विभाग की वेधशाला राजस्थान में कहाँ स्थित है?

(a) माउण्ट आबू (b) जयपुर
(c) कोटा (d) जोधपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (b) – भारतीय मौसम विभाग की वेधशाला राजस्थान के जयपुर शहर में स्थित है। मौसम विज्ञान वेधशाला जयपुर की स्थापना 1875 ई. में तत्कालीन रियासत के केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के परिसर में हुई थी। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर की स्थापना अक्टूबर 1972 ई. में अस्थायी तौर पर तथा 2001 में विभागीय भवन में स्थानान्तरित कर दिया गया। यह विभाग राजस्थान की जनता, कृषि, सिंचाई, बिजली, बाढ़ नियंत्रण, राहत-पुनर्वास रोडवेज और रेलवे आदि केन्द्र और राज्य सरकारों के संबंधित विभागों के लिए मौसम संबंधी सेवाएं एवं सूचनाएँ प्रदान की जाती है।

155. राजपूताना की निम्नलिखित रियासतों ने 1817-1818 ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधि पर हस्ताक्षर किये:

1. कोटा 2. जोधपुर
3. करौली 4. उदयपुर

निम्नलिखित में से कौन सा अनुक्रम कालक्रमानुसार सही है?

(a) 3 1 2 4
(b) 4 3 2 1
(c) 2 1 3 4
(d) 1 2 3 4

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (a) – राजस्थान तत्कालीन राजपूताना की निम्नलिखित रियासतों/राज्यों ने 1817-1818 ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधि पर हस्ताक्षर किये थे–

राज्य	संधि की तिथि	शासक
(भरतपुर) करौली	9 नवम्बर 1817	हरबक्ष पाल सिंह
कोटा	26 दिसम्बर 1817	महाराव उम्मेद सिंह
जोधपुर	6 जनवरी 1818	महाराजा मान सिह
उदयपुर	13 जनवरी 1818	महाराजा भीम सिंह

अतः सही कालानुक्रम-करौली-कोटा-जोधपुर-उदयपुर राज्य थे।

156. राजस्थान पर्यटन के विपणन अभियान की वर्तमान टैगलाइन क्या है?

(a) पधारो म्हारे देश -राजस्थान -द-इन्क्रेडिबल स्टेट ऑफ इंडिया
(b) जाने क्या दिख जाए
(c) कुछ दिन तो गुजारें राजस्थान में
(d) रंगीला राजस्थान

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020